कार्यालय
क्षेत्र संचालक, पन्ना टाईगर रिजर्व, पन्ना (म० प्र०)
Phone No. +917732-252135 (O) **Fax,** +917732-252120
E-mail: fdptr@rediffmail.com **Website:** www.pannatigerreserve.in

प्रेस नोट

दिनांक 14.11.2010 को आयोजित पन्ना नेचर कैम्प में कुल 25 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिनमें 42 वर्ष तक के प्रतिभागी थे। इस नेचर कैम्प में छतरपुर, अमानगंज, गुनौर एवं पन्ना के प्रतिभागियों ने भी भाग लिया। प्रकृति व्याख्या केन्द्र मडला में बाल दिवस के अवसर पर विद्यार्थी प्रतिभागियों को मिष्ठान्न खिलाया गया। कैम्प के कार्यक्रम में नेचर ट्रेल, चर्चायें, प्रकृति व्याख्या केन्द्र, पाण्डवफाल व पार्क भ्रमण कराया गया। पार्क भ्रमण के दौरान मगरा डबरी में एक मगर को काफी देर तक तैरते हुए देखने का आनन्द सभी प्रतिभागियों ने लिया। इस नेचर कैम्प के दौरान विशिष्ट प्रतिभागी के चयन हेतु टेस्ट नहीं लिया जा सका। यह टेस्ट पृथक से लिया जावेगा। सभी प्रतिभागी इस कार्यक्रम के बारे में अपनी प्रसन्नता के साथ–साथ दोबारा इस कैम्प में भाग लेने की इच्छा व्यक्त की।

क्षेत्र संचालक,
पन्ना टाईगर रिजर्व, पन्ना